Bihar Board Class 6 Social Science History Solutions Chapter 3 प्रारंभिक समाज

अभ्यास

आइए याद करें –

प्रश्न 1.
वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

प्रश्न (क)
आरंभिक मानव बस्तियों से जुड़ा पैसरा नामक स्थल बिहार के किस जिले में अवस्थित है?
(i) गया
(ii) गोपालगंज
(iii) मुंगेर
(iv) दरभंगा
उत्तर-
(iii) मुंगेर

प्रश्न (ख)
पुरापाषाण काल को कितने भागों में बाँटा जाता है?
(i) तीन
(ii) पाँच
(ii) दो
(iv) सात
उत्तर-
(i) तीन

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें –

प्रश्न (i)
आरंभिक मानव इधर-उधर क्यों घूमते रहते थे?
उत्तर-
आरंभिक मानव के इधर-उधर घूमने के मुख्यतः चार कारण हो सकते हैं जो इस प्रकार हैं

1. किसी भी क्षेत्र में फल, कंदमूल और जानवरों की संख्या सीमित रहती थी जब ये खत्म हो जाते तो भोजन की खोज के लिए लोग स्थान । परिवर्तन करते।
2. मौसम के परिवर्तन के कारण भी स्थान का परिवर्तन करते थे।
3. कभी-कभी शिकारं को पकड़ने के लिए दूर-दूर तक चले जाते थे।
4. पानी की खोज के लिए भी इधर-उधर भटकते रहते थे।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न (ii)
मध्यपाषाण काल में क्या बदलाव आए?
उत्तर-
मध्यपाषाण काल में पर्यावरणीय बदलाव आया और वातावरण में गर्मी बढ़ने लगी जिसके कारण गेहूँ, जौ, महुआ जैसे अनाज स्वयं उग आए तथा कई क्षेत्रों में घास वाले मैदान बनने लगे । घास पर आश्रित जानवरों की संख्या इस वजह से बढ़ने लगी । इस समय लोगों द्वारा पत्थरों के और अच्छे औजार बनाये जाने लगे, जिसे लकड़ी पर लगातार इस्तेमाल किया जाने लगा । मध्यपाषाण काल में यही सब बदलाव आये ।

आइए चर्चा करें –

प्रश्न (i)
आरंभिक मानव पत्थर के औजारों से जो काम लेते थे,उनकी एक सूची बनायें। क्या आपके घर में पत्थर के औजार का इस्तेमाल होता है? यदि होता है तो इससे क्या काम किया जाता है ?
उत्तर-
पत्थर के औजार जो नुकीले थे उससे खुरचने, कंदमूल खोदकर निकालने और पेबुल पत्थर के बने औजार से मांस काटने का काम करते थे। हमारे घरों में इस प्रकार के औजार नहीं हैं।

प्रश्न (ii)
आरंभिक मानव के भोजन में जो खाद्य-पदार्थ शामिल थे, उनकी एक
सूची बनायें।
उत्तर-
आरंभिक मानव, कंदमूल, फल, जानवरों के मांस. मछली ही मुख्य आहार थे।

https://www.evidyarthi.in/